उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
पिकप भवन, तृतीय तल, गोमतीनगर,लखनऊ।
संख्याः–937/गोपन अनुभाग/1/6/2019/2020
लखनऊः दिनांक 20 जून, 2020

आवश्यक सूचना

आयोग के विज्ञापन संख्या 2–परीक्षा/2018 के अंतर्गत ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी (स0क0) एवं समाज कल्याण पर्यवेक्षक (सा0च0) प्रतियोगितात्मक परीक्षा 2018 से संबन्धित आयोग की आवश्यक सूचना संख्या–मेमो/12/कम्प्यूटर अनुभाग–12/2018/02–परीक्षा/2018, दिनांक 27.03.2020 द्वारा सूचित किया गया था कि अभिलेख परीक्षण/सत्यापन का पूर्व निर्धारित कार्यक्रम आयोग की अगली सूचना तक स्थगित किया जाता है।

सूच्य है कि उत्तर प्रदेश शासन के गृह (पुलिस) अनुभाग–3 के आदेश संख्या–389पी/छः–पु0–3–19–21 एसआईटी/2019, दिनांक 20.03.2020 द्वारा लिखित परीक्षा से सम्बन्धित कतिपय शिकायतों के सम्बन्ध में एस.आई.टी. की जाँच संस्थित की गयी है। आयोग की बैठक दिनांक 29.05.2020 में शासन द्वारा एस.आई.टी. जाँच संस्थित किये जाने के दृष्टिगत प्रकरण में कोई भी अग्रेतर कार्यवाही जाँच पूर्ण हो जाने के उपरांत ही किया जाना उचित पाया गया है।

अतः उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संस्थित एस.आई.टी. जाँच व तत्क्रम में आयोग के निर्णय के अनुपालन में विज्ञापन संख्या 2–परीक्षा/2018 के अंतर्गत ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी (स0क0) एवं समाज कल्याण पर्यवेक्षक (सा0च0) प्रतियोगितात्मक परीक्षा 2018 से संबन्धित अभिलेख सत्यापन व अन्तिम परीक्षाफल घोषित किये जाने आदि की अग्रेतर कार्यवाही प्रकरण में एस.आई.टी. जाँच पूर्ण होने तक स्थगित रहेगी।

20/06/2020
(आशुतोष मोहन अग्निहोत्री)
सचिव।